प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

30.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

राष्ट्रपति–भारत रत्न

राष्ट्रपति दौपदी मुर्मु आज राष्ट्रपति भवन में भारत रत्न पुरस्कार प्रदान करेंगी। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह, पी.वी. नरसिम्ह राव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर और प्रख्यात वैज्ञानिक एम.एस. स्वामीनाथन को मरणोपरान्त भारत रत्न दिया जाएगा। पूर्व उप–प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता एल. के. आडवाणी को भी देश के सर्वोच्च सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा।

उपराष्ट्रपति–न्यायिक प्रणाली

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारत मजबूत न्यायिक प्रणाली वाला लोकतांत्रिक राष्ट्र है और कोई भी व्यक्ति या कोई समूह न्यायिक व्यवस्था पर दबाव नही बना सकता। उन्होंने भारतीय लोकतंत्र को अद्भुत बताते हुए कहा कि भारत को कानून के शासन के बारे में किसी से सीख लेने की जरूरत नहीं है। उप–राष्ट्रपति कल नई दिल्ली में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान के 70वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कानून के समक्ष समानता आज के भारत की पहचान है। उप–राष्ट्रपति ने कहा कि कानून उन लोगों की जवाबदेही तय कर रहा है जो खुद को कानून से ऊपर मानते हैं। उन्होंने भारतीय न्याय व्यवस्था को सशक्त, जन हितैषी और स्वतंत्र बताया।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने राज्य में पिछले वर्ष आई प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाए और प्रभावित 25 हजार से अधिक परिवारों को बसाने का कार्य किया जबकि भाजपा नेता आपदा के समय भी राजनीति करते रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभावित परिवारों को सहायता प्रदान करने के लिए 45 सौ करोड़ रूपए का विशेष राहत पैकेज जारी किया जबकि केन्द्र से कोई विशेष आर्थिक पैकेज नहीं दिया गया। उन्होंने भाजपा नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे प्रभावितों की मदद के बजाए आर्थिक मदद रूकवाने के लिए रोड़े अटकाते रहे।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के मध्यम और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बीती रात से ही झमाझम बारिश और बर्फवारी का सिलसिला लगातार जारी है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते मौसम में आए बदलाव से किन्नौर, कुल्लू, चंबा, कांगड़ा, शिमला और लाहौल–स्पीति की ऊंची चोटियां बर्फ से सफेद हो गई हैं।

लाहौल–स्पीति से हमारे संवाददाता कुंदन लाल के अनुसार आज सुबह से ही ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी जारी हैं। केलंग में तीन इंच, कोकसर में 5 इंच और रोहतांग व बारालाचा दर्रे पर करीब 8 इंच बर्फबारी हो चुकी है। इस कारण मनाली–केलंग सड़क समेत घाटी की अंदरूनी सड़कें आवाजाही के लिए बाधित हो गई है।

वहीं किन्नौर से हमारी संवाददाता सुमेश नेगी के अनुसार जनजातीय क्षेत्र कल्पा, सांगला और छितकुल में सुबह से ही तेज हवाओं के साथ बर्फबारी जारी है, जिससे कई क्षेत्रों में हिमस्खलन का खतरा भी बढ़ गया है। उपायुक्त किन्नौर अमित शर्मा ने स्थानीय लोगों व पर्यटकों से ऊंचाई वाले क्षेत्रों में अनावश्यक यात्रा न करने की सलाह दी है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 31 मार्च तक प्रदेश के कई भागों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है।

एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने छात्रवृति घोटाले से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है –छात्रवृति घोटाले में 20 संस्थान मालिकों अफसरों समेत एक सौ 5 पर अरोप पत्र दायर। दैनिक जागरण का शीर्षक है –छात्रवृति घोटाला सीबीआई जांच पूरी–एक सौ 5 लोगों और 20 संस्थानों के खिलाफ आरोप पत्र। दैनिक जागरण लिखता है –छात्रवृति घोटाला मामले में जांच पूरी।

उप–चुनावों से संबंधित खबर पर अमर उजाला की सुर्खी है– धर्मशाला से जग्गी–कुटलेहड़ से विवेक का नाम ऊपर–चार विधानसभा सीटों पर सर्वे से चुनेंगे प्रत्याशी–कांग्रेस ने तीन–तीन संभावित प्रत्याशियों का पैनल किया तैयार। दिव्य हिमाचल ने सुर्खी दी है– चुनाव से पहले कांग्रेस को संजीवनी सुल्ह और आनी से पार्टी के खिलाफ लड़े बागियों की घर वापसी। चाहवानों को फिर लगेगा झटका–ध्यान दूसरों पर अटका–शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है–कांग्रेस पार्टी के टिकट के लिए आवेदन करने वालों के नाम पर नहीं हो रही चर्चा। केंद्र ने जरूरत के समय नहीं की कोई मदद, आपदा प्रभावितों को हमने दी राहत–मुख्यमंत्री के हवाले से पत्र की एक अन्य खबर। इसी खबर को आपका फैसला ने लिखा है भाजपा नेताओं ने रूकवाई हिमाचल को मिलने वाली आर्थिक मद्द। वहीं दैनिक सवेरा टाईम्स के शब्द है– केंद्र ने हिमाचल को आपदा राहत के 9 हजार करोड़ नहीं दिए। राज्यपाल के हवाले से इसी अखवार की एक अन्य खबर है– हिमाचल में व्यवस्थित अनुसंधान की जरूरत। तीनों निर्दलीय विधायक आज शिमला विधानसभा के बाहर धरना देंगे, इस्तीफा मंजूर न होने से नाराज– पंजाब केसरी की एक खबर।